# एक करोड़ 20 लाख रुपये कीमत का डोडा-चूरा जब्त, दो गिरफ्तार

## ट्रक में सीमेन्ट की आड़ में परिवहन किया जा रहा था डोडा-चूरा

**चित्तौड़गढ़,** (निसं)। जिले की सदर निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान एक ट्रक में अवैध रूप से सिमेन्ट की आड़ में परिवहन किया जा रहा 7 क्विटंल 75 किलो 400 ग्राम डोडाचूरा जब्त कर बाड़मेर के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त डोडाचूरा की कीमत करीब एक करोड़ 20 लाख रुपये है।

एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त व परिवहन एवं भण्डारण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के तहत एएसपी बुगलाल मीना व डीएसपी निम्बाहेड़ा बेनीप्रसाद के मार्गदर्शन में थानाधिकारी विरेन्द्रसिंह के निर्देश पर शनिवार को दोपहर के समय भगवत सिंह उप निरीक्षक ईन्चार्ज थाना सदर निम्बाहेड़ा मय जाप्ता द्वारा थाना ईलाका में गश्त की जा रही थी।



जिले की सदर निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने डोडा-चूरा जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

गश्त के दौरान पुलिस को टीला खेडा गांव की तरफ से एक ट्रक आता हुआ नजर आया। उक्त ट्रक मे एक चालक व खलासी साईड में एक व्यक्ति बैठे हुये नजर आये। पुलिस वाहन को देखकर ट्रक के चालक ने एकदम ट्रक रोक दिया व फाटक खोलकर भागने की कोशिश करने लगा। जिन्हें पुलिस ने पकड़ा। ट्रक संदिग्ध प्रतीत होने पर चैक किया गया तो ट्रक के अन्दर जे.के सीमेन्ट के कटटे भरे हुये मिले। सिमेन्ट परिवहन का मार्ग नहीं होने से व वाहन चालक व उसके साथ बैठे व्यक्ति की हरकतें सन्दिग्ध होने पर ट्रक में भरे उपर के कुछ कट्टो को हटा कर देखा तो सीमेन्ट के कटटो के साथ प्लास्टिक के काले कट्टे पड़े हुये नजर आये। जिसको चैक किया तो 43 कट्टो में 07 क्विटंल 75 किलो 400 ठााम अवैध अफिम डोडा चुरा पाया गया।

उक्त अवैध डोडाचूरा व ट्रक को जप्त कर अवैध अफिम डोडाचुरा का परिवहन करने वाले वाहन चालक बाड़मेर के चौहटन थाना सियागपुरा निवासी जस्साराम पुत्र गंगाराम जाट व उसके साथी बाड़मेर के चौहटन थाना हरदानपुरा निवासी अन्नाराम पुत्र जैठाराम जाट को मौके डोडा चुरा परिवहन करने के आरोप गिरफतार किया गया। गिरफतारशुदा आरोपीयों से डोडा चूरा खरीद फरोख्त करने वालों के सम्बन्ध में अनुसंधान जारी है। जप्तशुदा डोडा चुरा की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ 20 लाख रूपये आंकी जा रही है।

# 12 लाख रुपये कीमत की अवैध शराब जब्त

## खेत पर अंग्रेजी शराब के 96 कार्टन मिले



निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान खेत पर बनी झोंपड़ी से अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की।

**चित्तौड़गढ़,** (निसं)। जिले की सदर निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान खेत पर बनी झोपड़ी से अवैध अंठोजी शराब के 96 कार्टून मे भरे 4608 पव्वे जप्त किये। अवैध अंग्रेजी शराब को रखने के आरोपी के बारे में जांच की जा रही है। जब्त शराब की कीमत करीब 12 लाख रुपये है।

एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि जिले में अवैध शराब की खरीद - फरोख्त व परिवहन एवं भण्डारण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के तहत एएसपी बुगलाल मीना व डीएसपी निम्बाहेड़ा बेनीप्रसाद के मार्गदर्शन में थानाधिकारी विरेन्द्र सिंह के निर्देश पर शुक्रवार रात्रि को पुलिस द्वारा गश्त की जा रही थी। पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली कि मकनपुरा से साजनपुर की तरफ जाने वाले रास्ते पर मकनपुरा निवासी भगवानलाल जाट के खेत पर बनी झोपडी के अन्दर शराब की पेटीयां पडी है।

उक्त सूचना पर तत्परता दिखाते हुये पुलिस तुरन्त मौके पर पहुंची, जहां खेत पर बनी झोपडी में खाकी कार्टुन नजर आये व आस पास में रात्री का समय होने से कोई व्यक्ति नजर नहीं आया। कार्टुनों को खोल कर देखा तो कार्टुनो में विभिन्न ब्रांड के अंग्रेजी शराब के पव्वे भरे पाये गये। मोके पर 96 कार्टुन होकर उनमें विभिन्न ब्रांड के कुल 4608 पव्वे पाये गये। जिन्हे पुलिस ने जप्त कर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। अनुसंधान से खेत पर इतनी मात्रा में शराब रखने के बारे में पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# भिवाड़ी में वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर प्रतिदिन रिपोर्ट मांगी

## कलेक्टर ने अधिकारियों की टीम गठित की

**खैरथल,** (निसं)। खैरथल तिजारा जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग नई दिल्ली व राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल जयपुर के निर्देशों की पालना करते हुए एनसीआर क्षेत्र भिवाड़ी एवं आसपास में वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर अधिकारियों की टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग नई दिल्ली व राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के आदेशों की पालना सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

जिला कलेक्टर हनुमान ढाका ने बताया कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग नई दिल्ली व राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल जयपुर के आदेशों की पालना में एनसीआर व भिवाड़ी में वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर टीम गठित की गई है। यह टीम रीको प्रथम एवं नगर परिषद भिवाड़ी संपूर्ण क्षेत्र तथा रीको ऑडिट क्षेत्र द्वितीय एवं वीणा का संपूर्ण क्षेत्र में निरीक्षण कर वायु प्रदूषण की पालना कराना सुनिश्चित करेंगे। वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर गठित निरीक्षण दल टीम में एसडीएम महेंद्र सिंह यादव टपूकड़ा, सुदेश आयुक्त नगर परिषद भिवाड़ी, दीपक जिला परिवहन अधिकारी भिवाड़ी, संदीप गुप्ता कनिष्ठ अभियंता बीड़ा भिवाड़ी, सुमित्रा पारीक बीड़ा भिवाड़ी, दिनेश मीणा सीएसआई नगर परिषद भिवाड़ी, मीना घीया कनिष्ठ अभियंता बीदा भिवाड़ी को शामिल किया गया है। निरीक्षण दल अधिकारियों की टीम को जीआर एपी के दिशा निर्देशों की पालना सख्ती से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण विभाग एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीड़ा भिवाड़ी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी को पर्यवेक्षक कर प्रतिदिन रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव व दीपावली पर्व को लेकर जिला सचिवालय खैरथल में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी योगेश दाधीच, अतिरिक्त जिला कलेक्टर खैरथल तिजारा ओमप्रकाश, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी शिवचरण मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरोत्तम लाल वर्मा सहित शांति समिति के सम्भ्रान्त/गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। बैठक में जिला कलेक्टर ने जिला मुख्यालय खैरथल के मार्केट से गुजरने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर 3 दिन के लिए रोक लगाई है। इसके अलावा बुलेट मोटरसाइकिल पर तेज आवाज कर निकलने वालों पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

इसके अलावा कलेक्टर ने विधानसभा आम चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ नागरिक (80 वर्ष से अधिक) एवं दिव्यांगजन के लिए होम वोटिंग के किए गए प्रावधान के सम्बंध में कार्यक्रम और रूट चार्ट तैयार कर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। होम वोटिंग के लिए मतदान दलों द्वारा प्रत्येक पात्र मतदाता के घर जाकर वोट एकत्रित करने हेतु प्रथम भ्रमण 14 नवम्बर से 19 नवम्बर तक किया जायेगा एवं प्रथम भ्रमण में अनुपस्थित पाये जाने वाले मतदाताओं के घर जाकर वोट एकत्रित करने हेतु द्वितीय भ्रमण 20 नवम्बर से 21 नवम्बर तक किया जायेगा।

# वैध कागजात दिखाने पर जब्ती नहीं करने के निर्देश

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी लक्ष्मी नारायण मंत्री ने जिले की समस्त टीमों को निर्देशित किया है कि संदिग्ध एवं अवैध राशि एवं सामग्री, जिसके संबंध में कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं है, ऐसी राशि को ही जब्त करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। तलाशी के दौरान यदि किसी पक्षकार द्वारा राशि अथवा सामग्री के कोई वैध दस्तावेज, साक्ष्य प्रस्तुत करें, तो उसका अवलोकन करते हुए उस राशि अथवा सामग्री को जब्त न करते हुए एवं तलाशी को रजिस्टर में संधारित करते हुए वाहन को रिलीज कर दिया जाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेमेन्द्र नागर ने बताया कि जिले में 78 उडन दस्ते एवं स्टैटिक सर्विलांस टीमें 24 घंटे, सातों दिन कार्य कर रही हैं। उक्त समस्त टीमों की लोकेशन निरंतर जीपीएस के माध्यम से ट्रेक की जा रही है। आचार संहिता प्रभावी होने से लेकर अब तक जिले में एसएफटी, पुलिस, एसएसटी, आबकारी, सीजीएसटी, एसजीएसटी आदि टीमों द्वारा लगभग 6 करोड रूपये मूल्य की राशि अथवा सामग्री जब्त की गई है।

# बिहार के मोतिहारी से दो नाबालिग बालिकाएं दस्तयाब

**कोटा** (निसं)। पुलिस अधीक्षक कोटा शहर शरद चौधरी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित की गई वर्ष 2023 की पुलिस प्राथमिकताओं में गुमशुदा बच्चों की दस्तयाबी हेतु योजनाबद्ध प्रयास शामिल किया गया है। इसी क्रम में मानव तस्करी विरोधी यूनिट द्वारा 14 वर्षीय व 11 वर्षीय दो नाबालिग बालिकाओ को मोतिहारी (बिहार) से दस्तयाब किया है।

एसपी चौधरी ने बताया कि 03 नवम्बर को फरियादी ने थाना महावीर नगर पर रिपोर्ट दी कि 02 नवम्बर की सुबह 10 बजे करीब मेरी साली की नाबालिग लडकी मेरे घर पर आई थी जो मेरी 11 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अपने घर ले जाने लिए कहकर निकली थी, जो अब तक घर नहीं लौटी है। इस पर थाना महावीर नगर पर धारा 363 आईपीसी में प्रकरण दर्ज कर दोनों गुमशुदा बालिकाओं की तलाश प्रारम्भ की गई। थाना महावीर नगर कोटा शहर थाना क्षेत्र से गुमशुदा दोनो नाबालिग बालिकाओं की तलाश व दस्तयाबी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध अनुसंधान सैल उमा शर्मा के निर्देशन में टीम का गठन किया गया। बालिकाओं की तलाश पतारसी के दौरान बालिकाओं ने बालिका की मां के पास एक व्यक्ति के मोबाईल से फोन किया कि वे अभी ट्रेन में बैठी हुई है। यह जानकारी मिलने पर हेड कांस्टेबल ओमदत्त द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल उक्त व्यक्ति से मोबाईल पर बात की। जिस पर यह जानकारी मिली कि बालिकाएं बांद्रा से बरोनी जाने वाली ट्रेन न. 19037 अवध एक्सप्रेस में बैठी हुई है और ट्रेन गोरखपुर क्रॉस कर चुकी है। इस पर हेड कांस्टेबल ओमदत्त द्वारा उक्त ट्रेन का रनिंग स्टेटस चैक कर रूट में आने वाले रेलवे स्टेशन कपतानगंज (उत्तरप्रदेश) व नरकटियागंज (बिहार) के आरपीएफ निरीक्षक, आरपीएफ कन्ट्रोल रूम वाराणासी (उत्तरप्रदेश) व समस्तीपुर (बिहार) एवं सम्बन्धित चाईल्ड लाईन को उक्त दोनों गुमशुदा बालिकाओं का हुलिया व विवरण बताकर बालिकाओं के ट्रेन न. 19037 अवध एक्सप्रेस में होने की सूचना दी एवं रेस्क्यू करने हेतु अनुरोध किया। जिस पर आरपीएफ नरकटियागंज व चाईल्ड लाईन ने उक्त दोनों बालिकाओं को रेस्क्यू कर नियमानुसार बालिका गृह मोतिहारी में अस्थायी शेल्टर करवाया। तत्पश्चात् एएचटीयू टीम बबीता चौधरी, हेड कांस्टेबल ओमदत्त शर्मा व महिला कांस्टेबल आरती द्वारा मोतिहारी (बिहार) जाकर उक्त दोनों बालिकाओं को बालिका गृह मोतिहारी से नियमानुसार दस्तयाब दस्तयाब कर दीपावली के त्यौहार पर परिजनों की खोई मुस्कान लौटाई।

# कई वर्षों से फरार चल रहे 50 वांछित अपराधी गिरफ्तार

**राजसमंद,** (निसं)। जिले में आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मध्यनजर जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी सुधीर जोशी के निर्देशानुसार जिला स्तर पर विशेष टीम का गठन किया। जिसने कई वर्षो से फरार चल रहे 50 वांछित अपराधी गिरफ्तार किए।

- जिले में आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पर विशेष टीम का गठन

जिला मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार टीम ने वांछित अपराधी राजू (48) उर्फ राजेन्द्र, उर्फ राजकुमार पुत्र गौरीशंकर उर्फ बालुराम निवासी भादसोडा हाल गिलुण्ड पुलिस थाना रेलमगरा हाल केकडी जिला केकडी जो राजस्थान के पुलिस थाना खमनोर, सुखेर, डबोक, सूरजपोल, प्रतापनगर, हिरणमगरी जिला उदयपुर, कोतवाली चितौडगढ, चन्देरिया, राश्मी जिला चितौडगढ , कोतवाली भीलवाडा, सुभाषनगर, प्रतापनगर जिला भीलवाडा, आबूरोड सदर, स्वरूपगंज 21 प्रकरण जो सम्पत्ति सम्बन्धी चोरी, लूट, डकैती से सम्बन्धित हो करीबन 25 वर्षों से फरार चल रहा था। भगवतीलाल माली निवासी नाथद्वारा विगत 7 वर्षों से फरार, ललित उर्फ बालाजी यादव निवासी यादव मोहल्ला नाथद्वारा विगत 9 वर्षों से फरार, बहादुरसिंह निवासी जेतेला विगत 5 वर्षों से फरार, मोहनलाल माली निवासी खाखलदेव मन्दिर के पास कोठारिया विगत 3 वर्षों से फरार, प्रभुलाल गायरी निवासी नमाना नाथद्वारा विगत 3वर्षों से फरार, अर्जुनलाल रेबारी निवासी बडा भाणुजा रेबारिया की ढाणी खमनोर विगत 5 वर्षों से फरार, अविनाश राव निवासी गिरीराजपुरा नाथद्वारा विगत 5 वर्षों से फरार, शिवनाथ कालबेलिया निवासी कालबेलिया बस्ती मोलेला खमनोर विगत 5 वर्षों से फरार, कालुनाथ कालबेलिया निवासी गांवगुडा खमनोर विगत 4 वर्षों से फरार, शान्तिलाल माली निवासी बागोल का बाडिया नाथद्वारा विगत 4 वर्षों से फरार, गोपीनाथ उर्फ गोपीलाल कालबेलिया निवासी नाथद्वारा विगत 7 वर्षों से फरार, घासीराम बोरज का खेडा राजनगर विगत 11 वर्षों से फरार, तुलसीराम माली निवासी होलमगरा नाथद्वारा हाल गंगापुर भीलवाडा विगत 7 वर्षों से फरार, अशोक पालीवाल निवासी महाराणा उदयसिंह मार्केट उदयपोल उदयपुर विगत वर्षों से फरार, हिम्मतसिंह निवासी गुंजोल नाथद्वारा विगत 4 वर्षों से फरार, सुभाषचन्द्र श्रीमाली निवासी श्रीनाथ कॉलोनी नाथद्वारा विगत 9 वर्षों से फरार, गजराज जैन निवासी नाथद्वारा विगत 2 वर्षों से फरार, लालसिंह निवासी जरेगा की बडी गढ बोर चारभुजा विगत 3 वर्षों से फरार, गोपानाथ कालबेलिया निवासी सामतला खमनोर 11 वर्षों से फरार, भाउनाथ कालबेलिया निवासी सामतला खमनोर विगत 11 वर्षों से फरार, मुकेश निवासी सिंहाड नाथद्वारा विगत 6 वर्षों से फरार, शिवनाथ सेन्दरा मनियाणा नाथद्वारा विगत 2 वर्षों से फरार, वीरेन्द्रसिंह निवासी खुमानपुरा नाथद्वारा विगत 3 वर्षों से फरार, श्यामसिंह निवासी खुमानपुरा नाथद्वारा विगत 5 वर्षों से फरार, पवन कुंवर निवासी मानसिंह का गुडा चारभुजा विगत 8 वर्षों से फरार चल रहे अपराधियों की गिरपतारी की गई।

# नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

**डूंगरपुर,** (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से डूंगरपुर जिले की चारों विधानसभा सीटों के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक असावा मनोज राजगोपाल ने शनिवार को जिला कलक्ट्रेट परिसर में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संचालित एकीकृत नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक ने मीडिया अनुवीक्षण प्रकोष्ठ के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक मीडियाए सोशल मीडिया पर निगरानी की प्रिक्रिया एवं अब तक प्राप्त शिकायतोंए संधारित किए जा रहे रजिस्टरों की जांच की। उन्होंने प्रिन्ट, इलेक्ट्रोनिक एवं सोशल मीडिया में प्रकाशित एवं प्रसारित पेड न्यूज एवं विज्ञापन अधिप्रमाणन के संबंध में मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी विपुल शर्मा से जानकारी ली।

# दबिश देकर 231 आरोपी गिरफ्तार किये

**चित्तौड़गढ़,** (निसं)। जिला पुलिस ने अपराधियों की धरपकड, गिरफ्तारी व एरिया डोमिनेंश के लिए एक दिवसीय विशेष अभियान चलाकर शनिवार तड़के जिले के समस्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की 85 विशेष टीमों द्वारा विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर कार्रवाई करते हुए एक ही दिन में कुल 231 अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों में पुलिस के भय का माहौल कायम रखने के लिए अपराधियों की धरपकड, गिरफ्तारी एवं एरिया डोमिनेंस का एक विशेष अभियान शनिवार तड़के संपूर्ण जिले में चलाया गया। जिसमें जिले के चित्तौडगढ , ग्रामीण चित्तौडगढ , गंगरार, कपासन, बेगू, रावतभाटा, बडीसादडी,



जिला पुलिस की गिरफ्त में फरार आरोपी।

निम्बाहेडा व भदेसर वृत्त के समस्त वृत्ताधिकारी एवं थानाधिकारियों के नेतृत्व में कुल 85 विशेष टीमें गठित की गई। जिसमें समस्त थाना, पुलिस लाइन के जाब्ता व कार्यालयों के पुलिस कर्मियों को एकत्रित किया गया।

रविवार तड़के कुल 493 पुलिस कर्मियों द्वारा जिले के 295 संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी गई, जहां से विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी, उदघोषित अपराधी, धारा 299 सीआरपीसी में वांछित, विभिन्न प्रकरणों में वांछित एवं अन्य अधिनियमों सहित कुल 231 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

जिनमें विभिन्न एक्ट में 16 अपराधी, स्थाई वारंटी/उदघोषित अपराधी/धारा 299 सीआरपीसी में वांछित/गिरफ्तारी वारंटी में 111 अपराधी, जघन्य अपराध में वांछित 8 अपराधी, सामान्य प्रकरणों में वांछित 5 अपराधी, एक ईनामी अपराधी सहित कुल 231 अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। जिसमें सबसे अधिक चित्तौड़गढ व निम्बाहेडा वृत्त में 39-39 अपराधियों को दबोचा गया। उक्त कार्रवाई के दौरान जिले में पुलिस द्वारा एक प्रकरण एनडीपीएस एक्ट, 2 प्रकरण आबकारी अधिनियम तथा 4 प्रकरण आर्म्स एक्ट के दर्ज किए गए।

# 23 ग्राम स्मैक सहित 2,11,500 रुपये नगद जब्त, एक गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज के निर्देशों की पालना में अवैध मादक पदार्थों के परिवहन व सेवन के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत सालेह मोहम्मद

- मुखबीर की इतला पर की कार्रवाई



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।


वृत्ताधिकारी टोंक के सुपरविजन में कोतवाली थानाधिकारी जितेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित टीम व मुखबीर की इतला पर डीएसटी टीम के सहयोग से मोतीबाग कब्रिस्तान के पास आरोपी शकिल उर्फ कालू उर्फ मो. शकिल पुत्र शकूर उर्फ मो. शकुर जाति मुसलमान तेली निवासी चिमनी के पास, धन्नातलाई, टोंक के कब्जे से 23 ग्राम स्मैक व 2,11,500 रुपये जप्त कर एनडीपीएस एक्ट मे मुकदमा पंजीबद्ध किया गया।

# स्वतंत्र प्रत्याशी यूनुस खान ने ऊंट पर निकाली बिंदौली

## 'चुनाव चिन्ह नया है मैं वही हूं, आलमारी आपकी समस्याओं के समाधान का नाम है'

**डीडवाना,** (निसं)। विधान सभा चुनाव आगामी 25 नवम्बर को होने जा रहे है, डीडवाना विधान सभा क्षेत्र से इस बार निर्दलीय चुनाव लड़ रहे यूनुस खान के मैदान में उतर जाने से मुकाबला काफी रोचक बन गया है। यूनुस खान शनिवार को क्षेत्र के आस की ढाणी, चांद बासनी, गिरधारी पूरा, मड़ाम, पाटन, एलिचपुरा, आजवा, भामासी, सिंघाना सहित कई गांवों का दौरा किया।

यूनुस खान ने शनिवार को आस की ढाणी में कहा कि सड़क पर दुर्घटनाएं रोकने के लिए एक अंडर पास बनाने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में एक पीएचसी बनाने का वादा किया वहीं खान ने कहा कि युवाओं को रोजगार मिले इसके लिए योजना बद्ध तरीके से काम करना मेरी प्रथामिकताओं में सुमार है। गिरधारी पूरा में स्कूल क्रमोन्नत करने व पेय जल संकट पर खान ने कहा कि 25 तारीख को अलमारी का बटन दबा देना



आजवा के ग्रामीणों ने खान को गांव के मुहाने पर ऊंट पर बैठा कर गांव भर में बिंदौली निकाली।

आपके इस ऋण को उतारने के लिए अगले अगले 1826 दिन में आपकी सेवा में तत्पर मिलूंगा।

**ऊंट पर बिंदौली निकाल समर्थन का किया वादा:-** इस दौरान खान को जगह जगह फलों से तोला गया वहीं आजवा के ग्रामीणों ने गांव के मुहाने पर ऊंट पर बैठा कर गांव भर में बिंदौली निकालने के साथ ही समर्थन का विश्वास दिलवाया, इस दौरान युवा फिल्मी और मारवाडी गानों की धुन पर थिरकते रहे वहीं खान इस अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत हो कर अपना भाषण ऊंट पर बैठे बैठे ही दिया। खान ने कहा कि ऊंट पर बैठा तो दिया पर 25 तारीख को अपने मतदान से उतार जरूर लेना ताकि आपकी सेवा के संकल्प को पूरा कर सकूं । उन्होंने कहा पानी की कमी नही है बस व्यवस्था को ठीक करना है और इस व्यवस्था को बदलने के लिए अलमारी पर बटन दबाना पड़ेगा। खान ने चख खारडिया में कहा कि मेरे पांच साल और कांग्रेस के पिता पुत्र के दस सालों का आंकलन कर वोट दे देना।

तोषीणा के पूर्व सरपंच बनवारी लाल व्यास ने कहा में जन्म जात भाजपाई हूं जो लोग निम्न स्तर की बातों पर आ है है वे अच्छी तरह समझ ले कि यूनुस खान कोई नया नाम नही है 1998 से हमारे दिलों में बसा नाम है यूनुस खान, अलखपुरा सरपंच एंव भारतीय सेना से सेवानिवृत्त श्रवण बिजारनीया ने कहा कि पांच साल में जो एक बार भी नही आया वो इन पन्द्रह दिनों में बार बार आ रहा है तो समझ जाओ उसे आपकी ताकत समझ आ गई है बस इस बार दोबारा धोका मत खाना और अलमारी पर मतदान कर अपना सेवक चुन लेना।


# आज दीपावली, दीपोत्सव की धूम रहेगी, जोधपुर शहर रोशनी से नहाया

**जोधपुर**, (कासं)। खुशियों, रोशनी एवं दीपों का त्योहार दीपावली पर्व रविवार को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

कार्तिक मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी भी रविवार को नरक चतुर्दशी के रूप में मनाई जाएगी। इसे रूप चौदस, नरक चतुर्दशी, छोटी दीपावली, नरक निवारण चतुर्दशी अथवा काली चौदस के नाम से भी जाना जाता है। इस बार तिथियों की घट-बढ़ के कारण चतुर्दशी के दिन प्रदोष काल में दीपावली मनाई जाएगी। रविवार के दिन सुबह चतुर्दशी तथा शाम को प्रदोषकाल में अमावस्या तिथि रहेगी। इस साल नरक चतुर्दशी, दीपावली के दिन ही यानी रविवार 12 नवंबर को है। इसके बाद अन्नकूट व गोवर्धन पूजा 14 नवम्बर और भाईदूज 15 नवम्बर को मनाई जाएगी।

पंच पर्व दीपावली इस बार छह दिनों का मनाया जा रहा है। ऐसा तिथियों की घट-बढ़ के कारण हुआ है। इससे पहले आज दूसरे दिन भी धनतेरस पर्व मनाया गया। धनतेरस शुक्रवार को दोपहर में शुरू हो गई थी जो आज भी दोपहर तक जारी रही। इसके बाद चतुर्दशी लग गई। नरक चतुर्दशी पर सूर्योदय के पूर्व शरीर पर उबटन लगाकर स्नान करने की प्रक्रिया को अभ्यंग स्नान कहा जाता है।

गोवर्धन पूजा 14 नवंबर को की जाएगी और इसके बाद भैयादूज का पर्व 15 नवंबर को मनाया जाएगा। गोवर्धन पूजा साथ ही शहर के मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव शुरू हो जाएंगे। वहीं भाई दूज पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। भविष्य पुराण में वर्णन है कि इस दिन यमुना ने अपने भाई यम को अपने घर पर भोजन करने के लिए आमंत्रित किया था। तभी से यह परंपरा चली आ रही है।



दीपोत्सव को लेकर जोधपुर शहर में दीपकों से आकर्षक रोशनी की बई।

## बाजारों में उमड़े खरीददार

इधर बाजारों में आज भी जोरदार भीड़ रही। शहरी उपभोक्ताओं के साथ ही ठाामीणों की भी भारी भीड़ पड़ी। बड़ी संख्या में ठाामीण खरीदारी के लिए शहर आए हुए थे। उन्होंने सोने-चांदी के जेवरात, वाहन, मशीनरी, पटाखे, कपड़े आदि खरीदे। शहर के व्यापार जगत ने करोड़ों रुपए का व्यवसाय किया। इससे पूर्व पुष्य नक्षत्र पर बाजारों में जमकर धनवर्षा हुई थी। पुष्य नक्षत्र को मिनी धनतेरस के नाम से जाना जाता है और अब मुख्य धनतेरस पर पुष्य नक्षत्र पर हुए कारोबार का दुगुना व्यवसाय हुआ। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट, ज्वैलरी व प्रोपर्टी खरीदने के प्रति लोगों में रूझान नजर आने से बाजार गुलजार नजर आए। ऑटोमोबाइल शो-रूमों पर दुपहिया वाहनों-कारों की अठिाम बुकिंग कराने वाले लोग शुभ मुहूर्त में वाहनों की डिलीवरी लेने के लिए पहुंचे। भीड़ को देखकर जोधपुर का व्यापार जगत भी उत्साहित नजर आया। नई सडक़, जलजोग, सरदारपुरा प्रथम, बी व सी रोड, चौपासनी रोड, जालोरी गेट, गोल बिल्डिंग, त्रिपोलिया बाजार, रातानाडा, महामंदिर, घंटाघर, कटला बाजार, सर्राफा बाजार में त्योहारी खरीदारी की रंगत नजर आई। धनतेरस पर जोधपुर संभाग के विभिन्न अंचलों से लोग खरीदारी के लिए जोधपुर पहुंचे।

## तूरजी का झालरा में दीपोत्सव की रौनक

दीपावली के त्यौहार पर शहर के पर्यटन स्थल तूर जी का झालरा में ट्रेक ऑन ड्रीम्स और नगर निगम उत्तर के संयुक्त तत्वावधान में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। यहां पच्चीस सौ से ज्यादा दीपों की रोशनी के साथ पूरे तूर जी का झालरा को रोशन किया गया। कार्यक्रम में पूरे जोधपुर से हर उम्र वर्ग के लोग और इसके साथ कई टूरिस्ट भी शामिल हुए।

## रोडवेज बसें-ट्रेन फुल, निजी में मनमाना किराया

दीपावली त्यौहार के लिए शहर से लोगों का घरों पर जाना शुरू हो गया है। शहर में आज दिवाली से एक दिन पहले बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ नजर आई। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जोधपुर से आने जाने वाली ट्रेनों में जगह नहीं है। ट्रेन में जहां आरक्षण बोगी में वेटिंग चल रही है वहीं लोकल डिब्बों में लोगों को पैर रखने की जगह भी नहीं मिल रही है।

दूसरी तरफ रोडवेज बसों में भी यात्रियों की भरमार है। बसों में स्थिति यह है कि सीटों के भरने के बाद गैलरी में ठसाठस सवारियां भर रहे हैं। ऐसे में कई लोगों को बसों की छत पर बैठकर सफर करना पड़ा।

इस सबका फायदा निजी बस संचालक उठा रहे है। वे यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे है।

दिवाली पर घर पहुंचने के लिए आखिर उम्मीद रोडवेज ही होती है, लेकिन इस दिवाली वह भी टूट चुकी है। दिवाली पर भारी भीड़ के कारण रोडवेज की लंबी दूरी की बसों की अधिकतर एडवांस बुकिंग पहले हो चुकी है। राइका बाग रोडवेज स्टैंड से चलने वाली बसों में बुकिंग फुल हैं। इस बीच प्राइवेट बसों ने किराया बढ़ाकर जनता पर भार डाल दिया है। त्योहार पर निजी बस संचालकों की चांदी हो रही है। यात्रीभार को देखते हुए निजी बस संचालक मनमाना किराया तो वसूल ही रहे हैं, साथ ही यात्रियों को भी ठसाठस भरकर ले जा रहे है। इधर रेलों में भी सारे कोच भरे हुए जा रहे है। आगमी पांच-छह दिन तक सभी रेलों में वेटिंग चल रही है।

## शेखावत ने शुभकामना दी

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज जोधपुर प्रवास पर रहे। केन्द्रीय मंत्री शेखावत आज भाजपा के कार्यक्रमों में शिरकत की।

दीपावली से एक दिन पहले रूप चवदस पर शहर के भीतर शहर में गणमान्य लोगों से सम्पर्क किया।जालोरी गेट से पैदल ही सम्पर्क कर रामा श्यामा की। जालोरी गेट स्थित भाटी सॉफ्टी से भीतरी शहर में जनसंपर्क करते हुए जूनी मंडी, सराफा बाजार के रास्ते से होते हुए सोजती गेट गणेश मंदिर पहुंचे। इस दौरान अपने लोगो ने उनका स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, नेता, जनप्रतिनिधि, भाजपा प्रत्याशी एवम् कार्यकर्ता भी साथ थे।

# जालोर से कांग्रेस प्रत्याशी रमीला मेघवाल ने वोट मांगे



विधानसभा क्षेत्र जालोर से कांग्रेस प्रत्याशी रमीला मेघवाल ने जीवाणा के गांवों का दौरा किया।

फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। विधानसभा क्षेत्र जालोर से कांग्रेस प्रत्याशी रमीला मेघवाल 11 नवंबर को जीवाणा मंडल के सभी गांवों के दौरे पर रही।

सायला कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सवाई सिंह ने बताया कि जालोर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रमीला मेघवाल वालेरा, चोराऊ, मोकनी खेडा,बावतरा, जीवाणा, जालमपुरा, दाहिवा, सांगाना, आलवाडा, दुदवा, लुंबा की ढाणी, तेजा की बेरी, साजनपुरा, सिराना, डाबली, खारी, चोंचवा गांवों के दौरे पर रही इस दौरान सभी गांवों के बुजुर्ग, महिलाओं और युवाओं ने बढ़ चढ़कर कांग्रेस प्रत्याशी रमीला मेघवाल का स्वागत किया। साथ ही रमीला मेघवाल ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी और आगामी समय में अपने पक्ष में मतदान की अपील की, साथ ही कहा की जालोर के विकास में कांग्रेस ने कोई कमी नहीं रखी आगे भी गहलोतके नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर जालोर को विकसित जालोर बनाने के लिए मैं प्रयासरत रहूंगी।

इस मौके जिला उपाध्यक्ष शहजाद अली सैय्यद, सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाई सिंह चंपावत, शेलसिंह बावतरा, जुबेदा नागोरी, गोपाल देवासी, सहित कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## रोड शो किया

**बालोतरा**, (निसं)। पचपदरा विधानसभा से आरएलपी व एएसपी संयुक्त प्रत्याशी थानसिंह डोली का शनिवार को बालोतरा में प्रधान चुनाव कार्यालय का उद्घाटन और बालोतरा शहर में रोड शो किया। चुनाव कार्यालय का वाल्मीकि समाज की दलित महिला से कटवा कर शुभारंभा कराया।

## सार-समाचार

### मोपेड सवार दंपती से सोने की चेन लूटी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के भगत की कोठी पुलिस थाना क्षेत्र में एक निजी स्कूल के आगे मोपेड सवार दंपती से सोने की चेन लूट ली गई। बाइक सवार तीन बदमाशों ने यह कारस्तानी की। तीनों के चेहरों पर रूमाल बंधा हुआ था। पीड़ित की तरफ से भगत की कोठी थाने में मामला दर्ज करवाय गया है। महामंदिर तीसरी पोल के बाहर बड़ले के पास में रहने वाले जगदीश सोनी पुत्र शंकरलाल सोनी की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह अपने किसी काम से पत्नी और बेटे को लेकर भगत की कोठी जा रहा था। यह लोग एक्टिवा पर सवार थे। केंब्रिज स्कूल के निकट पहुंचने पर पीछे से एक बाइक पर तीन बदमाश आए और उसकी पत्नी के गले में पहनी सोने की चेन झपट कर ले गए। तीनों युवकों ने चेहरों पर रूमाल बांध रखा था और तेजी से पाली रोड अमृता देवी पार्क के निकट से भाग गए। इनका पीछा भी किया गया मगर वो हाथ नहीं लग पाए। भगत की कोठी पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है। अग्रिम जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान की जा रही है। गौरतलब है कि आए दिन बिना नम्बरी बाइक पर सवार होकर बदमाश महिलाओं के साथ चेन, बैग छीनने की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस के अनुसार ऐसे बदमाश नशे की लत पूरी करने की लिए इस तरह की वारदातों को अंजाम देते हैं। जबकि शहर में कई जगहों पर अभय कंमाड के कैमरों से मॉनिटरिंग भी की जा रही है। इसके बाद भी लूट की निरंतर हो रही लूट की पुलिस की मुस्तैदी पर सवालिया निशान लगा रहे हैं।

### धर्मसभा आयोजित

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के नंदीश्वर द्वीप जैन तीर्थ में जैन रत्न से सम्मानित चम्पालाल भंडारी परिवार की ओर से आयोजित आध्यात्मिक चातुर्मास में शनिवार को धर्म सभा को संबोधित करते हुए गणिवर्य ज्ञान रत्न विजय जी महाराज साहब ने प्रभु महावीर की वाणी को समस्त विश्व के लिए मंगलकारी और हितकारी बताया। चातुर्मास के मीडिया संयोजक हीराचंद भंडारी के मुताबिक गणिवर्य ने कहा कि एक संतान के लिए तो सिर्फ एक मां ही होती हैं। प्रभु महावीर एक मां की भांति विश्व के समस्त जीवों को हित उपदेश देते हैं। हर जीव का कल्याण हो। प्रत्येक जीव अपने जीवन में सुकृत कार्य ही करें। हर जीव धर्म आराधना करते हुए अपने जीवन का कल्याण करें और मोक्ष गति की ओर आगे बढे। प्रभु महावीर की वाणी शाश्वत और विश्व हितकारी रही है। उन्होंने लगातार देशना के माध्यम से समस्त जीवों के कल्याण की कामना की। धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनिराज आनंद मंगल विजय ने कहा कि हमें अपने जीवन में धर्म आराधना में सदैव आगे रहना चाहिए। धर्म हमें आगे बढने की प्रेरणा देता है।

### बाजारों में जमकर हुई ग्राहकी

पाली, (नि.सं.)। दीपावली पर पूर्व संध्या पर बाजार में जबरदस्त रौनक रही सुबह से लेकर शाम तक बाजार में ग्राहकों की भीड़ रही। शहर के सूरजपोल चौराहे से सर्राफा बाजार तक, मिल गेट क्षेत्र, नहर पुलिया रोड, स्टेशन एरिया आदि जगह पर दुकानों पर भीड़ रहा। लोगों ने जमकर मिठाई, फ्रूट, महालक्ष्मी पूजा का सामान, रेडीमेड कपड़े जूते चप्पल खरीदे। वही टीवी फ्रिज बाइक मार्केट में भी धूम रही। वहीं शहर के चौराहे को रंग-बिरंगे रोशनी से सजाया गया इसी प्रकार शहर के वेंकटेश मंदिर में भगवान के आगे दीपों की रंगोली सजाई गई।

### क्रिया भवन से 14 को निकलेगा वरघोड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। श्री जैन श्रवेताम्बर मूर्तिपूजक तपागछसंघ के तत्वावधान में भगवान् महावीर स्वामी निर्वाण कल्याणक महोत्सव के तहत वरघोड़ा 14 का आयोजन किया जाएगा। संघ के प्रवक्ता धनराज विनायकिया ने बताया कि शहर के भीतरी क्षेत्र में स्थित रत्नप्रभं धर्म क्रिया भवन में मुनि सिद्धैशचंद्रसागर सिद्धचंद्रसागर साध्वी नयप्रज्ञाश्री मोक्षरत्नाश्री आदि के सानिध्य में आयोजित निर्वाण कल्याणक व मुनि सिद्धचंद्रसागर के 45 दिवसीय ऐकांतवास में एक अनुपम आराधना साधना जाप के पूर्णाहुती पर विश्व शांति महामांगलीक निर्वाण लड्डू ,भव्य वरघोडा सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। इसमें अनेक भक्तजन भाग लेंगे।

### ललित मेवाड़ा भाजपा में शामिल हुए

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में कांग्रेस पार्टी के दक्षिण के महामंत्री ललित मेवाड़ा ने आज केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवम जिला अध्यक्ष देवेंद्र सालेचा के हाथों से भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री शेखावत ने मेवाड़ा का भाजपा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। सूरसागर विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्र जोशी, महामंत्री मनीष पुरोहित, जोधपुर शहर विधानसभा प्रत्याशी अतुल भंसाली, पोकरण विधानसभा प्रभारी शिवकुमार सोनी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल उपस्थित थे।

### नयागांव रोड पर खड्डे में बाइक सवार गिरा

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के नए गांव रोड पर दीपावली पर्व होने के बावजूद सड़क किनारे ऐश्वर्या कॉलेज के सामने दो दिन पहले ही लीकेज के कारण खड्डे खोद कर रख दिएं जिसके कारण या दुर्घटना होती रहती है। शनिवार करीब 5:00 बजे यहां से गुजर रहा एक बाइक सवार बाइक समेत खड्डे में गिर गया। जिसे आसपास खड़े लोगों ने बाहर निकाला। गनीमत रही उसकी कोई चोट नहीं लगी और कोई नुकसान भी नहीं हुआ।

### चार गिरफ्तार, 21 हजार बरामद

**जोधपुर**, (कासं)। चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर दांव पर लगे 21 हजार 500 रूपए जब्त किए है। प्रतापनगर थाने के एएसआई मदन सिंह ने बर्फ फैक्ट्री के सामने बंगाली क्वार्टर में ताश के पत्तों से जुआं खेल रहे राजेन्द्र चौहान पुत्र दीपचंद जीनगर, सुरेश कुमार पुत्र बाबूलाल प्रजापत, फारूख पुत्र खुर्शीद और उत्तम पुत्र अनिल को गिरफ्तार किया।

# पाली में सेवाभावी लोगों ने मानव व गौ सेवा की



पाली की पिंजरापोल गौशाला में गौवंश को लापसी, चारा एवं कबूतरों को बाजरी, मक्की दाना खिलाया।

फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। रोटरी क्लब द्वारा दीपोत्सव के अवसर पर शनिवार को शहर की विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं में मीठा भोजन कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रोटरी क्लब के अध्यक्ष कल्याण देसरला एवं सहायक प्रान्तपाल राजेन्द्र सुराणा ने बताया कि कार्यक्रम में सभी संस्थाओं में भोजन कराने की अलग-अलग ग्रुप एवं सदस्यों के संयोजन में व्यवस्था रखी गई जिसमें रोट्रेक्ट क्लब ऑफ राईजिंग स्टार द्वारा सेवा समिति वृद्धाश्रम में भोजन कराया गया।

इसी तरह रोट्रेक्ट क्लब ऑफ इग्नाईट द्वारा राम रसोड़ा, ताराप्रकाश खण्डेलवाल एवं विकास जैन द्वारा न्यु हाऊसिंग बोर्ड स्थित दिव्यांग आश्रम, अमरचंद बोहरा मनीष भण्डारी, मनोज लोढ़ा एवं अनिल मेहता द्वारा अपना घर आश्रम, नीलकमल दायमा, धर्मेन्द्र मोहनोत द्वारा एचआईवी पीड़ित आश्रम, दिनेशचंद मेहता, वर्धमान भण्डारी एवं रामपाल शर्मा द्वारा हिन्दू सेवा मण्डल, वर्धमान भण्डारी एवं रामपाल शर्मा द्वारा नैत्रहीन विकास समिति में भोजन कराया तथा राजेन्द्र सुराणा, राजेश संकलेचा एवं गणेश राठौड़ द्वारा श्री पिंजरापोल गौशाला में गोवंश को लापसी एवं कबूतरों को बाजरी, मक्की दाना खिलाया गया।

कार्यक्रम के सम्पूर्ण लाभार्थी सोनादेवी धर्मपत्नी अमृतलालजी मरलेचा एवं उनके पुत्र सुभाषकुमार मरलेचा के दिव्य आशीष से मरलेचा परिवार रहे। क्लब द्वारा लाभार्थी परिवार का आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर मूलचंद संकलेचा, महेन्द्र छाजेड़, मनीष छाजेड़ एवं रोटरी क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे ।

## मादक पदार्थ सहित युवक पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर एवं इसके आस पास के एरिया में मादक पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डोडा पोस्त के साथ अवैध शराब आदि बरामद की है।

खेड़ापा थानाधिकारी ओमप्रकाश ने अणवाणा गांव में अवैध रूप से डोडा पोस्त बेचने के आरोप में आरोपी जेताराम पुत्र बाघाराम विश्नोई को गिरफ्तार कर 7 किलो 500 ग्राम डोडा पोस्त जब्त किया। चामू थानाधिकारी सुरतान सिंह ने कस्बा चामू में अवैध रूप से डोडा पोस्त बेच रहे शिवाराम पुत्र मांगाराम जाट को गिरफ्तार कर बेचने को रखे अवैध डोडा पोस्त जब्त किया। बनाड़ थाने के एसआई राजूराम ने प्रेम नगर डिगाड़ी क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेच रहे कल्याण सिंह पुत्र भगवान सिंह को गिरफ्तार कर 715 बोतल बीयर, देशी शराब 32 बोतल, 1204 पव्वें, अंग्रेजी शराब 148 बोतल, 211 अद्दा और 906 पव्वे जब्त किए। चामू थाने के एएसआई अर्जुन सिंह ने अवैध रूप से देशी अंग्रेजी शराब और बीयर बेचने के आरोपी भवानीसिंह पुत्र मगन सिंह को गिरफ्तार किया।

## शेखावत ने चुनावी तैयारी का फीडबैक लिया

**जोधपुर**, (कासं)। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज जोधपुर प्रवास के दौरान स्थानीय सांसद सेवा केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक में वरिष्ठ जनों एवं भाजपा पदाधिकारी से विधान सभा चुनाव के मद्देनजर विस्तृत चर्चा कर चुनावी तैयारी का फीडबैक लिया। विधानसभा चुनाव पर वरिष्ठों, पदाधिकारियों- जन प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की। उन्होंने कहा पार्टी में कोई बड़ा या छोटा नहीं है, हम सब मोदीजी की नीति से सुशासन की स्थापना हेतु प्रयासरत हैं ।

दीपोत्सव पर जोधपुर पहुंचे शेखावत ने निवास स्थान पर आमजन से मुलाकात की। इसके बाद सांसद सेवा केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक में वरिष्ठ जनों एवं भाजपा पदाधिकारी से विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विस्तृत चर्चा कर चुनावी तैयारी का फीडबैक लिया। बैठक विधायक श्रीमती सूर्यकांता व्यास की अधक्षता में हुईं। राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, महापौर वनिता सेठ, ज़िला अध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा, सूरसागर प्रत्याशी देवेंद्र जोशी, जोधपुर शहर प्रत्याशी अतुल भंसाली सहित अनेक पदाधिकारी भाजपा नेता की विशेष उपस्थिति रही।

जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा ने स्वागत उद्धबोधन में तीनों विधानसभा क्षेत्र की तैयारी पर विस्तार से जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने इस दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस बार पूर्ण बहुमत के साथ राजस्थान की सत्ता में आ रही है, लेकिन इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता को पूरी मेहनत और लगन से हर बूथ पर काम करना होगा। शेखावत ने संगठन की बैठक में केंद्र सरकार की विविध योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यों एवं भारतीय जनता पार्टी के उद्देश्यों से भी कार्यकर्ताओं को रूबरू कराया। साथ ही यह भी कहा कि कार्यकर्ताओं का यह दायित्व है कि केंद्र सरकार की योजनाओं के संबंध में आमजन को रूबरू करें साथ ही उनसे चर्चा करें।

## जस्टिस मेहता का जोधपुर में स्वागत

**जोधपुर**, (कासं)। सुप्रीम कोर्ट के जज बनने के बाद जस्टिस संदीप मेहता पहली बार दिवाली पर अपने घर जोधपुर आए। उन्हें रेड कार्पेट पर स्वागत और गार्ड ऑफ ओनर दिया गया। गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और मूल राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठ जज जस्टिस संदीप मेहता हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त हुए हैं। 11 जनवरी 1961 को राजस्थान के जोधपुर में जन्मे जस्टिस संदीप मेहता की उनकी वरिष्ठता और सुप्रीम कोर्ट में राजस्थान हाईकोर्ट के प्रतिनिधित्व के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केन्द्र को सिफारिश भेजी थी। राजस्थान से सुप्रीम कोर्ट में जाने वाले 9 वें जज है। जस्टिस मेहता ने जोधपुर विश्वविद्यालय से ही बीएससी और लॉ डिग्री की हासिल करने के बाद वर्ष 1988 में अधिवक्ता के रूप में बार काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कराया था।

## दीपोत्सव की मची धूम, दुकानों में रही रौनक

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले में दीपावली पर्व को लेकर बाजारो में रौनक देखने को मिल रही है।

जालोर में दीपोत्सव को लेकर शनिवार को शहर के बाजारो में काफी भीड़ रही। वही लोगो में दीपावली पर्व को लेकर उत्साह देखने का मिल रहा है। जालोर शहर के सुभाष मार्केट, सदर बाजार, नया बस स्टेण्ड, पुराना बस स्टेण्ड, सरदार पटेल मार्ग, गांधी चौक सहित शहर भर रोशनी से चकाचौध नजर आ रहा है। दीपावली को लेकर शनिवार को रूप चतुर्दशी के चलते महिलाओं ने श्रंगार आदि किया। वही लोगो ने बाजारो में खासकर मोबाईल, बर्तन, ज्वैलर्स, वाहनो की जमकर खरीददारी की। वही मिष्ठान व पटाखो की दुकान पर अधिक भीड़ नजर आई। वही जालोर शहर का वन वे मार्ग भी आकर्षक रोशनी से सजाया गया। इस बाद दिपावली पर्व को लेकर लोगो में उत्साह देखने को मिल रहा है। वही दिपावली के दुसरे दिन गौवर्धन पूजा के दौरान गाय की पूजा अर्चना करने के साथ एक दूसरे को दिपावली की शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी रहेगा। अगले दिन भाई दूज का पर्व मनाया जायेगा। दीपोत्सव को लेकर जिलेभर में उत्साह है।

## व्यय पर्यवेक्षक ने दौरा किया

**जालोर**, (कासं)। विधानसभा आम चुनाव-2023 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त चुनाव व्यय पर्यवेक्षक राकेश चिंतागुमपुला ने शुक्रवार को संबंधित रिटर्निंग कार्यालयों में आहोर व जालोर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के व्यय लेखों का प्रथम निरीक्षण किया।

चुनाव व्यय पर्यवेक्षक राकेश चिंतागुमपुला ने प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत व्यय लेखों का निरीक्षण कर कार्यालय लेखों से मिलान किया तथा लेखा संधारण में पाई गई कमियों का दुरूस्तीकरण करवाया। उन्होंने प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों को प्रत्येक पृष्ठ पर अभ्यर्थी या उनके एजेन्ट द्वारा हस्ताक्षर एवं दिनांक की पूर्ति करने तथा एक वेण्डर को 10 हजार से अधिक का नकद भुगतान नहीं करने के साथ ही भुगतान चैक या इलेक्ट्रिक ट्रांजेक्शन के माध्यम से ही करने के निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव प्रचार के लिए किया जाने वाला नकद व्यय भी बैंक खाते के जरिए किये जाने तथा भुगतान वाउचर व साक्ष्य लेखांकन दल को शीघ्र प्रस्तुत किए जाने की बात कही। उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी पंजिका के तीनों भागों को नियमित रूप से अद्यतन करते हुए दिनांक वार संधारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को प्रस्तावित आगामी 17 नवंबर को द्वितीय निरीक्षण व 22 नवंबर को अंतिम निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण व्यय लेखे मय राशि की प्राप्ति व खर्च के उचित साक्ष्य सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए। अभ्यर्थी द्वारा निर्देशों की पालना नहीं करने व नियमानुसार व्यय नहीं करने तथा समुचित लेखे संधारित नहीं करने की स्थिति में संबंधित अभ्यर्थी को नोटिस जारी करने के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को निर्देशित किया।

इस दौरान जालोर रिटर्निंग अधिकारी प्रमोद सीरवी, सहायक लेखाधिकारी प्रथम गोवर्धन सिंह राजपुरोहित, लेखा दल के प्रभारी लेखाधिकारी प्रथम सुरेश कुमार, सहायक लेखाधिकारी प्रथम रामस्वरूप विश्नोई व चुनाव व्यय लेखा संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

व्यय लेखे प्रस्तुत नहीं करने पर आहोर विधानसभा के दो अभ्यर्थियों को नोटिस जारी : विधानसभा आम चुनाव-2023 के दौरान चुनाव व्यय पर्यवेक्षक राकेश चिंतागुमपुला द्वारा आहोर विधानसभा क्षेत्र में अभ्यर्थियों के व्यय लेखों के रजिस्टर की प्रथम जांच की गई जिनमें निर्धारित तिथि को व्यय लेखे प्रस्तुत नहीं करने पर निर्दलीय अभ्यर्थी सूरज राटौड़ व भैराराम को नोटिस जारी किये गये। इस दौरान व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ट के कानाराम परमार मौजूद रहे।

## कोटेश्वर महादेव क्षेत्र बंदरों को भोजन व फल खिलाए



पाली जिले में जीव दया का कार्य कर रहे रोटी बैंक के सदस्यों ने बंदरों को फल, मीठा भोजन करवाया।

फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। जीव दया के क्षेत्र में कार्य कर रही रोटी बैंक के सदस्यों ने जानवरों इंसानों के साथ दीपावली पर्व पर बंदरों को भी पहाड़ी क्षेत्र में जाकर मीठा भोजन करवाया। समाजसेवा सोनादेवी धर्मपत्नी अमृतलाल मरलेचा एवं उनके पुत्र सुभाष कुमार मरलेचा के आशीष से सोना गृह प्रवेश के उपलक्ष में जीवदया कार्यक्रम की श्रृंखला में आनन्द कवाड़, अध्यक्ष, रोटी बैंक, पाली के नेतृत्व में जीवदया प्रेमी सदस्यों का दल वानर सेना के लिए रोटी बैंक से देशी घी का चूरमा, फल-फ्रूट , सब्जियां इत्यादि लेकर शनिवार को दोपहर को 3:00 बजे रोटी बैंक, राणा प्रताप चौक से कांठेश्वर महादेव मंदिर, धणी-रानी पहुंचा। 2 घंटे तक वहां रहवासी सैकड़ों वानर सेना को फल फ्रूट वह चूरमा खिलाया।इस अवसर पर लखपत भंडारी, गंगाराम डाणी, जयंती नाबरिया , प्रवीण भाटी, साथ थे।

PRIYA HOSPITAL
MULTI-SPECIALITY CARE
care beyond medicines!

प्रिया हॉस्पिटल रामगढ़ रोड, जैसलमेर

दीपों के पर्व दीपावली पर
एक दीपक
आपके स्वस्थ स्वास्थ्य के नाम


प्रिया हॉस्पिटल की तरफ से सभी जैसलमेर वासियों को
धनतेरस और दीपावली
की हार्दिक शुभकामनायें

चिरंजीवी योजना के अंतर्गत निशुल्क ईलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।





" जय माँ जसोल " " जय माँ जसोल "

श्री राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान, जसोल



दीप का प्रकाश हर पल आपके
जीवन को एक नयी रोशनी दें।
दीपोत्सव के पावन त्यौहार पर
माँ जसोल आपके जीवन में सुख शान्ति एवं
समृद्धि लेकर आए जसोल धाम की ओर से
श्री भटियाणीसा के समस्त भक्तों को धनतेरस
एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ।







रावल श्री किशनसिंह जी जसोल
अध्यक्ष ( जसोलधाम )

महिला मतदाता जागरूकता अभियान

बाडमेर जिले की महिला मतदाताओं के द्वारा देश हित में
शत प्रतिशत मतदान भागीदारी सुनिश्चित कराने
हेतु संस्थान की पहल जनहित में जारी

www.jasoldham.org

